# अमर उजाला

| National News Paper | Edition : Uttarakhand | Circulation: 74841 |
| --- | --- | --- |
| दिनांक (Dated): 10.07.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) -- | क्रम सं. (Serial No.) |


ार कोई बार ही होती है लेकिन विभाग ने उन पत्रों शामिल है।

# हरिद्वार सीआईएसएफ की बेटियों ने अमेरिका में जीते स्वर्ण पदक

## महिला जवानों ने बर्मिंघम में बॉक्सिंग प्रतियोगिता में किया था प्रतिभाग

संवाद न्यूज एजेंसी

हरिद्वार। धर्मनगरी हरिद्वार सीआईएसएफ की दो बेटियों ने अमेरिका में सोना जीता है। इससे भेल हरिद्वार सीआईएसएफ में खुशी की लहर है।

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल हरिद्वार भेल की दो महिला जवानों ने 30 जून से 6 जुलाई 2025 तक अमेरिका के बर्मिंघम में आयोजित विश्व पुलिस और फायर खेलों 2025 में प्रतिभा किया। विश्व पुलिस और फायर खेल एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन है, जहां, दुनिया भर के पुलिस और अग्निशमन सेवा कर्मी विभिन्न खेलों में प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस वर्ष 70 से अधिक देशों के 10,000 से अधिक एथलीटों ने इन खेलों में भाग लिया।

सीआईएसएफ भेल हरिद्वार की आभा सिंह ने 54 किलोग्राम भार वर्ग और इमरोज खान ने 70 किलोग्राम में बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता है। जिससे हरिद्वार भेल सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंट विवेक शर्मा की ओर से दोनों बेटियों को शुभकामनाएं दी गई हैं। उन्होंने दूसरी महिला जवानों से भी उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया है।




आभा सिंह और इमरोज खान। - संवाद

## प्रदेश की तीन बेटियों का क्रिकेट टीम में चयन उपलब्धि : सीएयू

देहरादून। उत्तराखंड की तीन होनहार महिला क्रिकेटर राघवी बिष्ट, नंदिनी कश्यप और प्रेमा रावत का चयन भारतीय महिला क्रिकेट टीम में होने पर उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन (सीएयू) ने गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। तीनों खिलाड़ी सात अगस्त से 24 अगस्त तक ऑस्ट्रेलिया के मल्टी-फॉर्मेट दौरे पर भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। सीएयू के सचिव माहिम वर्मा ने कहा कि यह पहली बार है जब उत्तराखंड की तीन महिला खिलाड़ी एक साथ भारतीय सीनियर टीम में शामिल हुई हैं। यह राज्य के क्रिकेट इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जोड़ता है। आशा है कि तीनों खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का मान बढ़ाएंगी। मा.सि.रि.